# जनपद शामली पुलिस

**--सोशल मीडिया सेल शामली--**

प्रेस विज्ञप्ति दिनांक-13.01.2025

**थाना कैराना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मण्डावर में दो पक्षों द्वारा एक दूसरे पर जान से मारने की नियत से एक राय होकर अवैध हथियार से फायरिंग, मारपीट करने के मामले में वांछित 01 अन्य अभियुक्त गिरफ्तारः-**

ज्ञात हो कि दिनांक 11.01.2025 को थाना कैराना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मण्डावर में दो पक्षो में एक दूसरे पर जान से मारने की नियत से फायरिंग व मारपीट की घटना हुई थी। घटना के सम्बन्ध में इमरान पुत्र उमरदीन निवासी ग्राम मण्डावर थाना कैराना जनपद शामली की तहरीर के आधार पर 20 व्यक्ति नामजद व 08-10 व्यक्ति नाम पता अज्ञात तथा तासमीन पुत्र इकराम निवासी ग्राम मण्डावर थाना कैराना जनपद शामली की तहरीर के आधार पर 23 व्यक्ति नामजद व 08-10 व्यक्ति नाम पता अज्ञात के विरुद्ध थाना कैराना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किये गये तथा घटना में घायल 04 व्यक्तियों को उपचार हेतु भेजा गया था। उपरोक्त घटना की गम्भीरता के दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक शामली के द्वारा थाना कैराना पुलिस को सतर्क दृष्टि रखने एवं नामित अभियुक्तों की यथाशीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था। प्रकरण में 09 अभियुक्तों को पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

इसी क्रम में आज दिनांक 13.01.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे वांछित/वारण्टी की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल नेतृत्व में थाना कैराना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मण्डावर में दो पक्षों द्वारा एक दूसरे पर जान से मारने की नियत से एक राय होकर अवैध हथियार से फायरिंग मारपीट करने के मामले में वांछित 01 अन्य अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना कैराना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीमें लगी हुयी हैं शीघ्र अभियुक्तगण की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जायेगी।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.अहसान उर्फ कटी पुत्र इलियास निवासी ग्राम मण्डावर थाना कैराना जनपद शामली।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1.व0उ0नि0 श्री संदीप कुमार थाना कैराना जनपद शामली।

2.उ0नि0 श्री सुभाष चन्द थाना कैराना जनपद शामली।

3.है0का0 कुलवंत थाना कैराना जनपद शामली।

4.है0का0 नितिन थाना कैराना जनपद शामली।



**<u>थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत हुई दुकान में चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुये घटना में शामिल 01 अभियुक्त गिरफ्तार व 01 बाल अपचारी हिरासत में, कब्जे से चोरी की हुयी नगदी बरामदः-</u>**

ज्ञात हो दिनाँक 05.01.2025 को वादी सुनील पुत्र स्व0 ओमप्रकाश निवासी सीबी गुप्ता कालोनी ने गांधी चौक स्थित उसकी दुकान से अज्ञात चोरो द्वारा नगदी व सामान चोरी करने के सम्बन्ध में तहरीर प्राप्त दी थी। दाखिला तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली शामली पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा घटना के शीघ्र अनावरण हेतु थानाध्यक्ष थाना कोतवाली को निर्देशित किया गया था।

इसी क्रम में आज दिनांक 13.01.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री राम सेवक गौतम द्वारा चलाये जा रहे चोरी/लूट की घटनाओं के अनावरण एवं इनमें लिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत दुकान में हुई चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना में शामिल 01 अभियुक्त को गिरफ्तार व 01 बाल अपचारी को हिरासत में लेने, चोरी की हुयी नगदी सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना कोतवाली शामली पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तगण:-**

1.ललित पुत्र विद्याधर निवासी आजाद नगर थाना बडौत जनपद बागपत।

**<u>बरामदगी का विवरणः-</u>**

1.चोरी की गयी कुल नगदी 6,200/- रुपये (अभियुक्त ललित से बरामद 2,800/-रु0 व बाल अपचारी से बरामद 3400/-रु0)।

**<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-</u>**

1.उ0नि0 श्री अरविन्द कुमार थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

2.है0का0 नितिन कुमार थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

3.का0 अमित कुमार थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।



**थाना थानाभवन पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 30 पव्वे देशी शराब सुनामी (मार्का) बरामदः-**

आज दिनांक 13.01.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए गये अवैध शराब के अपराध में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी/बरामदगी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी थानाभवन के कुशल नेतृत्व में थाना थानाभवन पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त को 30 पव्वे देशी शराब सुनामी (मार्का) सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना थानाभवन पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.आसिफ उर्फ चांद पुत्र इनाम मंसूरी निवासी ग्राम हसनपुर लुहारी थाना थानाभवन जनपद शामली।

**बरामदगी का विवरणः-**

1.देशी शराब 30 पव्वे सुनामी (मार्का)।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1.उ0नि0 श्री दीपचन्द थाना थानाभवन जनपद शामली।

2.है0का0 यशपाल थाना थानाभवन जनपद शामली।

3.का0 मोहित कुमार थाना थानाभवन जनपद शामली।



**थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा वांछित/वारण्टी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 01 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तारः-**

आज दिनांक 13.01.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 01 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। अभियुक्तों की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में सम्बन्धित थाने पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तगण:-**

1.धर्मेन्द्र पुत्र वीरपाल निवासी ग्राम ताना थाना गढीपुख्ता जनपद शामली।



**थाना आदर्श मण्डी पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से अवैध 10 लीटर कच्ची शराब बरामदः-**

आज दिनांक 13.01.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए गये अवैध शराब के अपराध में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी/बरामदगी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना आदर्श मण्डी पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त को अवैध 10 लीटर कच्ची शराब सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना आदर्श मण्डी पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.शिवम पुत्र अमरपाल निवासी मौहल्ला जवाहरनगर, बनत थाना आदर्श मण्डी जनपद शामली।

**बरामदगी का विवरणः-**

1.अवैध 10 लीटर कच्ची शराब।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1.उ0नि0 श्री मुदस्सर खान थाना आदर्श मण्डी जनपद शामली।

2.है0का0 प्रवेश कुमार थाना आदर्श मण्डी जनपद शामली।

3.का0 आकाश चौधरी थाना आदर्श मण्डी जनपद शामली।



**<u>उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप शामली पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही व पैरवी के क्रम में 02 अलग-अलग मामलों में 03 अभियुक्तों को माननीय न्यायालय द्वारा सुनाई कारावास की सजा व 21,00/- रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया:-</u>**

1. वर्ष 2001 में अभियुक्त लाजन उर्फ सद्दू पुत्र समीम निवासी मौहल्ला अमानत अली, जलालाबाद थाना थानाभवन जनपद शामली के विरुद्ध थाना थानाभवन पर मु0अ0सं0 240/01 धारा 379/411 भादवि पंजीकृत किया गया था। इसी क्रम में आज दिनांक 13.01.2025 को माननीय न्यायालय सीजेजेडी/जेएम कैराना, शामली द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को जेल में बितायी गयी अवधि के कारावास व प्रत्येक धारा में 250/- रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है अर्थदण्ड की राशि अदा न करने पर 05 दिवस के अतिरिक्त कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है।

2. वर्ष 2001 में अभियुक्तगण 1.संजय पुत्र महेन्द्र गुर्जर निवासी ग्राम कण्डेला थाना कैराना जनपद शामली 2.इनाम पुत्र रशीद तेली निवासी बुच्चाखेडी थाना कैराना जनपद शामली के विरुद्ध थाना कैराना पर मु0अ0सं0 25/2001 धारा 379 भादवि पंजीकृत किया गया था। इसी क्रम में आज दिनांक 13.01.2025 को माननीय न्यायालय सीजेजेडी/जेएम कैराना, शामली द्वारा अभियुक्तगण उपरोक्त को जेल में बितायी गयी अवधि के कारावास व 800-800/- रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। अर्थदण्ड अदा न करने पर 10-10 दिवस के अतिरिक्त कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है।

**<u>नाम व पता अभियुक्तगण:-</u>**

1.लाजन उर्फ सद्दू पुत्र समीम निवासी मौहल्ला अमानत अली, जलालाबाद थाना थानाभवन जनपद शामली।

2.संजय पुत्र महेन्द्र गुर्जर निवासी ग्राम कण्डेला थाना कैराना जनपद शामली।

3.इनाम पुत्र रशीद तेली निवासी बुच्चाखेडी थाना कैराना जनपद शामली।

**SOCIAL MEDIA CELL SHAMLI**